राजस्थान सरकार
निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

क्रमांकः— एफ.2 (क) (एम—594) अलेसे— I / ५५७ दिनांकः— 9/6/22

## आदेश

कार्यालय पुलिस अधीक्षक—प्रशासन, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान, जयपुर के पत्र क्रमाक 1917—19 दिंनाक 02.06.2022 के अनुसार श्री मूलचन्द, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड— I (लिंक नं. 549) कार्यालय खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, चित्तौड़गढ़ एवं अतिरिक्त कार्यभार कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, चित्तौड़गढ़ द्वारा 15,000/— रू. बतौर रिश्वत प्राप्त कर दिनांक 01.06.2022 को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, चित्तौड़गढ़ द्वारा रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। इनके विरूद्ध भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा प्रथम रिपोर्ट संख्या 216/2022 पंजीकृत की गई है।

अतः कार्मिक (क—3) विभाग के परिपत्र क्रमांक प.2 (157) कार्मिक/क—3/97 दिनांक 07.07.2010 के अनुसरण में श्री मूलचन्द, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड प्रथम को राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम—13 में प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में गिरफ्तारी दिनांक 01.06.2022 से निलम्बित किया जाता है। निलम्बन काल में उनका मुख्यालय कार्यालय कोषालय, भीलवाड़ा में रहेगा।

श्री मूलचन्द को निलम्बन काल में राजस्थान सेवा नियमों के नियम 53 के अन्तर्गत नियमानुसार निर्वाह भत्ता देय होगा।

(भूपेश माथुर)
निदेशक

क्रमांकः— एफ.2 (क) (एम—594) अलेसे— I /४५७-४६१ दिनांकः— 9/6/22

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—

1 संयुक्त शासन सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
2 पुलिस अधीक्षक—प्रशासन, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान, जयपुर का पत्र क्रमाक 1917—19 दिंनाक 02.06.2022 के संदर्भ में।
3 पुलिस निरीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, चित्तौड़गढ़।
4 खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, चित्तौड़गढ़।
5 कोषाधिकारी, भीलवाड़ा।
6 कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, चित्तौड़गढ़।
7 उप निदेशक (एसीपी) कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं पीआईएस में प्रविष्ठी करने हेतु।
8 मूलचन्द, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड— I, कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, चित्तौड़गढ़ कार्यालय को पालनार्थ।
9 निजी सचिव, निदेशक महोदय।
10 जाँच शाखा/एसीआर शाखा/डीपीसी शाखा/पदस्थापन सीट।
11 श्री महेन्द्र गोयल, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड— I
12 रक्षित पत्रावली/निजी पत्रावली।

(धीरज सिसोदिया)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक—I)